प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री कर्मयोगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी –राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह–एन.एल.डब्ल्यू का शुभारंभ करेंगे। सप्ताह के दौरान, प्रत्येक कर्मयोगी कम से कम 4 घंटे की शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। ये सप्ताह व्यक्तिगत प्रतिभागियों, मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार की भागीदारी के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। प्रतिभागी, प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा आईजीओटी, वेबिनार, सार्वजनिक व्याख्यान और नीति मास्टर–क्लास पर व्यक्तिगत भूमिका–आधारित मॉड्यूल के माध्यम से लक्षित घंटों को पूरा कर सकते हैं। सप्ताह के दौरान, प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुड़े विषयों पर व्याख्यान देंगे। विशिष्ट दक्षताओं को बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से हमीरपुर जिला के दो दिवसयी प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास के साथ स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं व डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

रोजगार

प्रदेश के युवाओं को अब संयुक्त अरब अमिरात की राजधानी आबूधाबी और दुबई में रोजगार मिलेगा। श्रम रोजगार व ओवरसीज प्लेसमैंट विभाग क विदेश मंत्रालय के साथ पंजीकृत भर्ती एजैंसी ई. पी.एस. फैसिलिटिजी सर्विसिज इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से संयुक्त अरब अमिरात ने तकनीकी व गैर तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए मांग प्राप्त हुई है। ये पद आबूधाबी के परवाणु संयत्र और रियल इस्टेट कम्पनी में भरे जाएंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि चयनित हुए तकनीकी और गैर–तकनीकी कर्मचारियों को प्रतिमाह 22 हजार 8 सौ रुपये से लेकर एक लाख 14 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। आवेदकों की योग्यता दसवीं पास, आई.टी.आई, इलैक्ट्रिशयन, कारपेंटर, पलम्बर, लिफ्ट व मशीन ऑपरेटर, सहायक तकनीशियन और पेंटर सहित अग्रेंजी का आधारभूत ज्ञान होने के साथ–साथ आयु सीमा 21 से 40 वर्ष होनी चाहिए।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल राजभवन शिमला में निर्मल ठाकुर को शिक्षा, साहित्य और सामाजिक जीवन के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रथम महाराजा दाहिर सेन सप्त सिंधु लाइफ टाईम अवार्ड प्रदान किया। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि महाराजा दाहिर सेन के नाम पर दिया जाने वाला ये पुरस्कार इतिहासकारों को समीक्षा का अवसर प्रदान करेगा।

इग्नू

इग्नू ने जुलाई 2024 सत्र के लिए स्नातक व स्नातकोतर डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों में नव प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक बढ़ा दी है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन रहेगी, जिसके लिए अभ्यर्थी इग्नू के वैबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है।

पंजाब केसरी व दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–अपने छोटे भाई हिमाचल को सौंपे पंजाब शानन परियोजना–मुख्यमंत्री ने किया शानन पावर हाउस और ऊहल परियोजना चरण 3 का निरीक्षण। दैनिक भास्कर का शब्द हैं–लीज खत्म, शानन पर अब हिमाचल का हक, पंजाब सरकार इसे छोटे भाई को सौंपे जबकि आपका फैसला का शीर्षक है–जनवरी, 2025 तक ऊहल परियोजना चरण तीन से शुरू हो जाएगा विद्युत उत्पादन। अमर उजाला लिखता है–पर्यटन और हरित ऊर्जा में करें विदेशी निवेश। दिवाली स्पेशल बसों में अब होगी ऑनलाइन सीट बुकिंग–अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–30 अक्तूबर से दो नवंबर तक चलेंगी स्पेशल बसें। मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–मौसम ने बदली करवट, रोहतांग और आस–पास हल्की बर्फबारी। इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है–दिवाली पर पात्र महिलाओं के खाते में आएंगे एक हजार 5 सौ रुपए। राज्य बिजली बोर्ड में 51 पद खत्म करने व अधिसूचना जारी करने संबंधी ख़बर सभी अख़बारों में जगह बनाए हुए है।

————